कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग दिनांक : 09/12/2024

//प्रेस विज्ञप्ति //

गर्ल्स कॉलेज में
विश्व एड्स दिवस पर विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में रेड रिबन क्लब एवं यूथ रेडक्रॉस के तत्वाधान में विश्व एड्स–डे का आयोजन किया गया।

नोडल अधिकारी डॉ. रेशमा लाकेश ने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना एवं छत्तीसगढ़ राज्य एड्स नियंत्रण समिति के संयुक्त क्रियान्वयन के अंतर्गत इस वर्ष रेड रिबन क्लब में एच.आई.वी./एड्स जागरूकता पर उन्मुखीकरण, संवेदीकरण एवं जागरूकता गतिविधियां हेतु विभिन्न आयोजन किए गए जिसमें पोस्टर प्रदर्शनी, विद्यार्थियों के लिये लघु फिल्म, विशेषज्ञों द्वारा संगोष्ठी, रंगोली, वाल राइटिंग, सेल्फी पॉइंट, टैटू मेकिंग, नुक्कड़ नाटक एवं जागरूकता रैली प्रमुख थे। विभिन्न प्रतियोगिताएं जैसे पोस्टर, निबंध एवं भाषण में बड़ी संख्या में छात्राओं ने सक्रिय सहभागिता की एवं पुरस्कार जीते।

मुख्य जागरूकता कार्यक्रम महमरा ग्राम–जिला दुर्ग में रखा गया जहाँ रेडक्रॉस वॉलेंटियर्स ने एच.आई.वी./एड्स संक्रमण, समाधान एवं बचाव के उपाय भाषण, पोस्टर, वाल राइटिंग एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बताए।

महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. डी.सी. अग्रवाल ने विद्यार्थियों एवं अधिकारियों को एड्स जागरूकता में सक्रिय सहभागिता हेतु शपथ दिलायी एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार से सम्मानित किया।

पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम मनीषा धृतलहरे, द्वितीय शालू कुरेटी एवं तृतीय स्थान तानिया हलधर थे। निबंध प्रतियोगिता में प्रथम ईषा साहू, द्वितीय लिलेश्वरी साहू एवं तृतीय स्थान विनी टण्डन थे। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान लुभना आलम खान, द्वितीय स्थान पर युक्ति देशमुख एवं तृतीय स्थान पर युरानी रही।

महाविद्यालय के यूथ रेडक्रॉस, राष्ट्रीय सेवा योजना, ग्रीन आर्मी, एवं एक्वा क्लब वॉलेंटियर्स ने जागरूकता रैली निकाली। इस सफल जागरूकता कार्यक्रम में डॉ. अमिता सहगल, डॉ. एम. लक्ष्मी प्रसून्ना, राष्ट्रीय सेवा योजना आधिकारी डॉ. सुषमा यादव, डॉ यशेश्वरी ध्रुव , डॉ. मुक्ता बाखला, डॉ. मोनिया राकेश सिंह, डॉ. अनुजा चौहान , डॉ. पूजा स्वर्णकार, डॉ. तोषिणा तैलंग, डॉ. अनामिका वस्त्रकार, सुश्री तब्बसुम अली, सुश्री श्वेता भट्ट ने मार्गदर्शन एवं सहयोग किया।

समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

डॉ. डी.सी. अग्रवाल
प्रभारी प्राचार्य
शासकीय डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर
कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग(छ.ग.)

शासकीय डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग(छ.ग.)